SNBP International & Senior Secondary School, Chikhali, Pune.
Affiliation No. 1130703
Academic session 2024-25
worksheet

NAME:______________ **SUBJECT: HINDI**
CLASS 7 DIV :______ **Ls.13 विशेषण**
Prepared By: Suman Yadav **Given date -**
Prepared date -25/10/2024

विशेषण-संज्ञा और सर्वनाम की विशेषता प्रकट करने वाले अथवा उनके बारे में जानकारी देने वाले शब्दों को विशेषण कहते हैं। जैसे - रूपवती, गुणवती ,विदुषी ,सन्यासी आदि।

विशेषण के भेद: विशेषण के चार भेद होते हैं

१.गुणवाचक विशेषण-वे शब्द जो संख्या या सर्वनाम के रूप, रंग, गुण- दोष, आकार -प्रकार, अवस्था, दिशा, काल, स्वाद आदि का बोध कराते हैं ,गुणवाचक विशेषण कहलाते हैं जैसे -शरारती, लंबा ,ऊँचा ,लाल, ग्रामीण सुगंधित, शीतल आदि।

२. संख्या वाचक विशेषण-वे शब्द जो संज्ञा या सर्वनाम की निश्चित अथवा निश्चित संख्या का बोध कराते हैं, संख्यावाचक विशेषण कहलाते हैं। संख्यावाचक विशेषण के दो उपभेद होते हैं –

क)निश्चित संख्यावाचक विशेषण-यह विशेषण शब्द संज्ञा या सर्वनाम की निश्चित संख्या का बोध कराते हैं, जैसे- एक, दो, पौने दो ,चौगुन आदि।

ख)अनिश्चित संख्यावाचक विशेषण -यह विशेषण शब्द संज्ञा या सर्वनाम की किसी निश्चित संख्या का बोध नहीं कराते ,जैसे -कुछ ,कोई ,थोड़े, बहुत अधिक आदि।

३.परिमाण वाचक विशेषण- वे शब्द जो संज्ञा सर्वनाम की निश्चित /अनिश्चित मात्रा का बोध कराते हैं, परिमाण वाचक विशेषण कहलाते हैं।

परिमाणवाचक विशेषण के दो उपभेद माने गए हैं—

क)निश्चित परिमाण वाचक विशेषण - यह विशेषण शब्द संज्ञा सर्वनाम के निश्चित मात्रा का बोध कराते हैं ,जैसे - एक किलो , एक क्विंटल, तीन मीटर आदि।

ख) अनिश्चित परिमाणवाचक विशेषण- यह विशेषण शब्द संज्ञा या सर्वनाम की अनिश्चित मात्रा का बोध कराते हैं जैसे - थोड़ा सा , कई किलो आदि।

४.सार्वनामिक विशेषण/ संकेत वाचक विशेषण-वे सर्वनाम शब्द जो विशेषण के रूप में प्रयोग किए जाते हैं , सार्वनामिक या संकेत वाचक विशेषण कहलाते हैं। जैसे यह किताब मेरी है। यह फ्रॉक मुझे पसंद है।

विशेषण की अवस्थाएँ

तीन प्रकार की अवस्थाएँ हो सकती है।

१)मूलावस्था-जब संज्ञा की सामान्य रूप से विशेषता प्रकट की जा रही हो और किसी से तुलना ना हो ,जैसे- गुलाब का फूल सुंदर है । तरबूज मीठा है आदि

२)उत्तरावस्था-इसमें दो संख्याओं के गुण- दोष की आपस में तुलना की जाती है। जैसे -मेरा घर अन्य घरों की तुलना में बड़ा है।

३)उत्तमावस्था-इसमें किसी संज्ञा (प्राणी या वस्तु) को सबसे अच्छा या बुरा बताया जाता है यहाँ तुलना नहीं होती, अपितु सर्वश्रेष्ठ और सर्वोत्तम बताया जाता है, जैसे- गुरमीत सिंह सबसे मेहनती बालक है ।कोहली सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी है ।

प्रविशेषण- विशेषण शब्दों की विशेषता बताने वाले शब्द प्रविशेषण कहलाते हैं जैसे -मेरा सबसे बड़ा भाई डॉक्टर है। बहुत काली रात है।

कार्यपत्रिका

प्रश्न १ . नीचे लिखे शब्दों के सामने उपयुक्त विशेषण लिखिए—

१) ऊँचा - २) नीला- ३) खड़ा- ४) काली -

प्रश्न २ . निम्नलिखित शब्दों से विशेषण शब्द बनाइए—

१) दिन - २) मिठास ३) नमक

प्रश्न ३ . निम्नलिखित वाक्यों में से सर्वनाम एवं सार्वनामिक विशेषण के वाक्य को छाँटिए—

१) उनके वचन मधुर है। २)वह लड़की मृदु भाषी है।

३)तुम्हारे पास सैकड़ो तस्वीरें हैं। ४)वह तस्वीर बहुत सुंदर है।

५)मुझे थोड़ा सा पानी पिलाओ।

प्रश्न ५ निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए —

१)सार्वनामिक विशेषण किसे कहते हैं?

२)निश्चित संख्यावाचक विशेषण किसे कहते हैं ?

३)निम्न में से कौन -सा विकल्प गुणवाचक का उदाहरण है ?

दो किलो ,परिश्रमी, थोड़ा, प्रत्येक ,

SUB.TEACHER **HOD** **CO ORDINATOR** **PRINCIPAL**